# कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
# विश्व बैंक परियोजना वृत्त
# लो0नि0वि0 कानपुर

Email – sewbpwdkanpur@gmail.com

पत्रांक – 882c/osc – WBPCK / 2022 दिनांक – 31/5/23

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
हमीरपुर वन प्रभाग
हमीरपुर।

विषयः–विश्व बैंक सहायतित उ0प्र0 कोर रोड नेटवर्क डेवलपमेन्ट परियोजना के अन्तर्गत हमीरपुर–राठ–गुरसराय–झॉसी मार्ग के (मिसिंग लिंक) के चैनेज 74.550 किमी0 से 110.360 किमी0 तक के उच्चीकरण का कार्य– **फॉरेस्ट प्रपोजल में आ रही कमियों के निराकरण के सम्बन्ध में।**

सन्दर्भ–आपका पत्रांक 2747/33–1 दिनांक 20.05.2023 एवं अधिशासी अभियन्ता विश्व बैंक खण्ड, लो0नि0वि0 कानपुर का पत्रांक 608/ए–6 दिनांक 30.05.2023।

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित अपने पत्र का अवलोकन करने की कष्ट करें, जिसके द्वारा आपने फारेस्ट प्रपोजल में आ रही कमियों का निराकरण कराते हुये पुनः छः प्रतियों में आपके कार्यालय में उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया था।

अवगत कराना है कि अधिशासी अभियन्ता के उक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा आपत्तियों के निराकरण बिन्दु संख्या–1 हेतु के0एम0एल0 फाईल, जी0आई0एस0 मैप तथा टोपोशीट व बिन्दु संख्या–2 के निराकरण हेतु मार्ग संरेखण में प्रभावित आरक्षित वन भूमि के एवज में क्षतिपूरक वृक्षारोपण के लिये जिलाधिकारी महोदय हमीरपुर द्वारा वन विभाग को दी गयी मौजा कुछैछा के गाटा संख्या 78 मि0 में 4.068 हे0 भूमि का राजस्व मानचित्र में तरमीम कराकर राजस्व विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों के हस्ताक्षर सहित मूल रूप में छः प्रतियों में आपको अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया है।

अतः आपसे अपेक्षा है कि आप अपने स्तर से प्रकरण में आवश्यक अग्रिम कार्यवाही अविलम्ब करने का कष्ट करें।

/

**(राकेश वर्मा)**
अधीक्षण अभियन्ता
विश्व बैंक परियोजना वृत्त
लो0नि0वि0 कानपुर

प्रतिलिपिः–

1. जिलाधिकारी महोदय, हमीरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. अधिशासी अभियन्ता, विश्व बैंक खण्ड, लो0नि0वि0 कानपुर को उनके उक्त सन्दर्भित पत्र के कम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

31/5/23

अधीक्षण अभियन्ता
विश्व बैंक परियोजना वृत्त
लो0नि0वि0 कानपुर